C M Y K

जयपुर ■ सीकर ■ अजमेर से एक साथ प्रकाशित

दैनिक अपना अखबार

मॉर्निंग न्यूज़

वर्ष 19 अंक : 317 ₹ 4.00 पृष्ठ-8

www.morningnewsindia.com

जयपुर
शुक्रवार 29 मार्च, 2024

'स्वयं की उन्नति में अधिक समय देंगे तो दूसरों की निन्दा करने का समय ही नहीं मिलेगा।'

पेज 8 | स्पोर्ट्स

महिला चोरों ने पर्स से किए 4 लाख के गहने पार | 3

एक नजर

बॉलीवुड एक्टर गोविंदा शिवसेना शिंदे गुट में शामिल

मुंबई (एजेंसी)। बॉलीवुड एक्टर गोविंदा महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना में शामिल हो गए हैं। वे गुरुवार शाम को शिंदे के साथ मुंबई स्थित शिवसेना ऑफिस पहुंचे। इसके बाद उन्होंने शिवसेना की सदस्तयता ग्रहण कर ली। शिवसेना जॉइन करने के बाद गोविंदा ने कहा कि मैं 2004 से 2009 तक राजनीति में था। ये संयोग है कि 14 साल बाद मैं फिर से राजनीति में आया हूं। मुझ पर जो विश्वास किया गया है, मैं उसे पूरी तरह से निभाऊंगा। शिवसेना गोविंदा को मुंबई की नॉर्थ-वेस्ट लोकसभा सीट से टिकट दे सकती है। यहां से उद्धव गुट की शिवसेना ने अमोल कीर्तिकर को अपना प्रत्याशी बनाया है। गोविंदा ने 27 मार्च को पूर्व विधायक कृष्णा हेगड़े के साथ मीटिंग की थी। इसके बाद से ही उनके चुनाव लड़ने के कयास लग रहे थे। ये पहली बार नहीं है जब गोविंदा लोकसभा चुनाव लड़ेंगे।

केजरीवाल की ईडी कस्टडी एक अप्रैल तक बढ़ी

नई दिल्ली (एजेंसी)। शराब नीति केस में राउज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली सीएम अरविंद केजरीवाल की ईडभ कस्टडी 4 दिन और बढ़ा दी है। अब वे एक अप्रैल तक हिरासत में रहेंगे। इससे पहले कोर्ट में 39 मिनट सुनवाई चली। केजरीवाल ने खुद अपने केस की पैरवी की। वे ऐसा करने वाले देश के पहले सिटिंग सीएम बन गए हैं। ईडी

ने कोर्ट से केजरीवाल की 7 दिन की कस्टडी और मांगी थी। दलीलें सुनने के बाद राउज एवेन्यू कोर्ट ने फैसला रिजर्व कर लिया था। कोर्ट में सुनवाई दोपहर 1.59 बजे शुरू होकर दोपहर 2.39 बजे खत्म हुई। केजरीवाल ने अपनी गिरफ्तारी का विरोध करते हुए कहा कि इस केस में मेरा नाम सिर्फ चार जगह आया है। 4 स्टेटमेंट दिए गए और उनमें से कोर्ट के सामने वो बयान लाया गया, जिसमें मुझे फंसाया गया। क्या ये 4 स्टेटमेंट एक मुख्यमंत्री को गिरफ्तार करने के लिए काफी हैं?

238 बार चुनाव लड़ा, हर बार हारे पद्मराजन, लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में नाम शामिल

चेन्नई (एजेंसी)। देश में कुछ दिनों में लोकसभा चुनाव होने जा रहे है। तमिलनाडु के

पद्मराजन भी चुनाव लड़ने जा रहे हैं। पद्मराजन ने अपने जीवन में स्थानीय चुनाव से लेकर राष्ट्रपति पद तक 238 बार चुनाव लड़ा, लेकिन हर बार उन्हें हार का सामना करना पड़ा। पद्मराजन को इलेक्शन किंग और वर्ल्ड बिगेस्ट इलेक्शन लूजर की उपाधि मिली हुई है। 65 साल के पद्मराजन टायर की दुकान के मालिक हैं। उन्होंने पहली बार 1988 में तमिलनाडु के अपने गृह नगर मेट्टूर से चुनाव लड़ा था। वे पीवी नरसिम्हा राव, अटल बिहारी वाजपेयी जैसे बड़े नेताओं के खिलाफ भी चुनाव लड़ चुके है।

नफरी का तकाजाः पुलिसकर्मियों के अवकाश निरस्त

मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर। पूर्ववर्ती कांग्रेस की गहलोत सरकार द्वारा पुलिसकर्मियों को दी गई साप्ताहिक अवकाश की प्रशासनिक व्यवस्था को अब भजनलाल सरकार ने बंद कर दिया है। पूर्व डीजीपी उमेश मिश्रा ने नवाचार करते हुए जिलेवार रोस्टर से थानों में लगे जवानों को साप्ताहिक अवकाश का प्रयोग किया था। जिससे पुलिसकर्मी अपने परिवार के साथ समय बिताए और तनावमुक्त रहे। बताया जा रहा है कि लोकसभा चुनाव को देखते हुए नफरी में कमी के चलते मौजूदा सरकार ने इस व्यवस्था को बंद करते हुए पुलिसकर्मियों के अवकाश निरस्त कर दिए है। इस संबंध में एडीजी लॉ एण्ड ऑर्डर विशाल बंसल ने गुरूवार को आदेश जारी किए है। इसके साथ ही यह कहा गया है कि पूर्व की तरह आपात या विशेष अवसर पर जिला पुलिस अधीक्षक पुलिसकर्मियों के अवकाश स्वीकृत कर सकता है।

जयपुर में 6 अप्रैल को जारी होगा कांग्रेस का घोषणा-पत्र

लोकसभा आम चुनाव-2024 : राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे, पूर्व अध्यक्ष सोनिया और राहुल की सभा होगी

मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर

लोकसभा आम चुनाव-2024 के लिए कांग्रेस का घोषणा-पत्र इस बार जयपुर में लॉन्च होगा। कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और राहुल गांधी 6 अप्रैल को जयपुर में चुनावी घोषणा-पत्र को लॉन्च करेंगे। तीनों नेता जयपुर में चुनावी सभा को भी संबोधित करेंगे।

इस लोकसभा चुनाव में सोनिया, राहुल और खड़गे की यह पहली चुनावी सभा होगी। कांग्रेस वॉर रूम में सोनिया गांधी की सभा की तैयारियों को लेकर गुरुवार को जयपुर और आसपास की 6 लोकसभा सीटों के वरिष्ठ नेताओं की बैठक हुई। इस बैठक में प्रभारी सुखजिंदर रंधावा, पूर्व सीएम अशोक गहलोत और प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने 6 अप्रैल की चुनावी सभा की तैयारियों पर चर्चा की। नेताओं को भीड़ जुटाने का टास्क दिया।

कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी और राहुल गांधी 6 अप्रैल को जयपुर में सभा करने के साथ पार्टी के चुनावी घोषणा पत्र को लॉन्च करेंगे। पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने कहा कि जयपुर से पार्टी का घोषणा पत्र लॉन्च होना हमारे लिए ऐतिहासिक बात होगी। सोनिया गांधी ने लोकसभा चुनाव में सक्रियता बढ़ाई है। » शेष पृष्ठ 6 पर

प्रदेश के लिए 40 स्टार प्रचारकों की लिस्ट आएगी

राजस्थान के लिए कांग्रेस के स्टार प्रचारकों की लिस्ट जल्द जारी होगी। स्टार प्रचारकों में मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, केसी वेणुगापाल, सचिन पायलट, भंवर जितेंद्र सिंह, हरीश चौधरी सहित कांग्रेस कार्यसमिति के मेंबर और राष्ट्रीय महासचिवों को शामिल किया जाएगा। पूर्व सीएम अशोक गहलोत, प्रदेशाध्यक्ष गोविंदसिंह डोटासरा, प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा, सह प्रभारी वीरेंद्र राठौड़ सहित वरिष्ठ नेताओं के नाम स्टार प्रचारकों की लिस्ट में शामिल होंगे।

उम्मीदवारों के प्रचार पर ज्यादा फोकस रहेगा

कांग्रेस का फोकस इस बार ज्यादा सभाओं की जगह उम्मीदवार से ज्यादा क्षेत्र कवर कराने पर है। इस बार प्रचार की रणनीति में भी बदलाव किया है। कुछ बड़े नेताओं की चुनिंदा सभाओं के अलावा स्थानीय प्रचार पर ही फोकस रखा जाएगा। कांग्रेस ने राजस्थान में लोकसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान के लिए 12 सीटों पर नामांकन-रैलियों में स्थानीय नेताओं पर ही जोर रखा है। अब तक नामांकन रैलियों में पूर्व सीएम अशोक गहलोत, प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा और राष्ट्रीय महासचिव सचिन पायलट प्रचार के लिए गए हैं।

बीजेपी स्थापना दिवस के जरिए वोटर्स को साधेगी

कार्यकर्ताओं को 'हर घर पार्टी का झंडा' और 'मैं मोदी का परिवार' स्टीकर लगाने का दिया टास्क

मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर

लोकसभा चुनावों की तैयारियों में जुटी बीजेपी अपने स्थापना दिवस को भी जनता के बीच में जाकर मनाने की प्लानिंग कर रही हैं। ऐसा करके बीजेपी लोकसभा चुनावों में ज्यादा से ज्यादा मतदाताओं से संपर्क साधेगी। इसके लिए बीजेपी ने अपने कार्यकर्ताओं को स्थापना दिवस के दिन हर घर पर बीजेपी का झंडा और मैं मोदी का परिवार और कमल के फूल का स्टीकर लगाने का टास्क दिया है। 6 अप्रैल को बीजेपी का स्थापना दिवस आ रहा हैं। इस दिन बीजेपी एक दिवसीय संपर्क अभियान चलाएगी। उन्होंने कहा कि चुनाव भी आ रहा है, ऐसे में इस दिन हमारा कार्यकर्ता एक-एक घर में जाकर बीजेपी की जीत को सुनिश्चित करने का काम भी करेगा।

बीजेपी के प्रदेश उपाध्यक्ष नारायण पंचारिया ने कहा कि इस » शेष पृष्ठ 6 पर

6 अप्रैल 1980 को हुई थी भाजपा की स्थापना

दरअसल जनता पार्टी से अलग होने के बाद बीजेपी का गठन 6 अप्रेल 1980 को दिल्ली के कोटला मैदान में आयोजित एक कार्यकर्ता अधिवेशन में किया गया। जिसके प्रथम अध्यक्ष अटल बिहारी वाजपेयी निर्वाचित हुए। हालांकि बीजेपी की स्थापना 1980 में हुई थी। लेकिन इसका इतिहास भारतीय जनसंघ से जुड़ा हुआ हैं। जनसंघ की स्थापना 21 अक्टूबर 1951 को श्यामा प्रसाद मुखर्जी की अध्यक्षता में दिल्ली के राघोमल आर्य कन्या उच्च विद्यालय में हुई। बाद में 1 मई 1977 को जनसंघ का विलय जनता पार्टी में कर दिया गया, लेकिन कुछ सालों में ही अंतर्विरोध के चलते जनसंघ से संबद्ध रखने वाले सदस्यों ने जनता पार्टी से अलग होकर 6 अप्रेल 1980 को भारतीय जनता पार्टी की स्थापना की।

प्रदेश में लोकसभा चुनाव का पहला चरण 19 अप्रैल को, 2.53 करोड़ वोटर्स करेंगे मतदान

निर्वाचन आयोग ने मतदाताओं की फाइनल सूची जारी की, दौसा में सबसे कम वोटर्स

मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर

राजस्थान में लोकसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान के लिए नामांकन पूरे हो चुके हैं। पहले चरण में 12 लोकसभा सीटों पर 19 अप्रैल को वोटिंग होगी। इन सीटों पर 2 करोड़ 53 लाख से ज्यादा वोटर्स अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे। निर्वाचन आयोग ने 19 अप्रैल के मतदान के लिए वोटर्स की फाइनल सूची जारी की है। बुजुर्ग वोटर्स में महिलाएं सबसे ज्यादा हैं। 13 वोटर्स ऐसे हैं, जिनकी उम्र 120 साल से ज्यादा है। 60 साल या उससे ज्यादा उम्र के 45 लाख 17 हजार 352 वोटर हैं। इनमें 23 लाख 58 हजार 455 महिलाएं हैं, जबकि 21 लाख 58 हजार 863 पुरुष हैं। इस तरह पुरुषों की तुलना में 1 लाख 99 हजार 592 बुजुर्ग महिला वोटर्स ज्यादा हैं। 19 अप्रैल को जयपुर शहर, जयपुर ग्रामीण, दौसा, नागौर, करौली-धौलपुर, भरतपुर, अलवर, सीकर, झुंझुनूं, चूरू, बीकानेर और गंगानगर सीट पर वोटिंग होगी।

निर्वाचन आयोग के कमिश्नर प्रवीण गुप्ता ने बताया कि आयोग ने इस बार लोकसभा चुनाव में 85 साल या उससे ज्यादा उम्र और 40 फीसदी या उससे ज्यादा दिव्यांग वोटर्स को होम वोटिंग की सुविधा दी है। पहले चरण में कुल 36,858 मतदाताओं ने होम वोटिंग » शेष पृष्ठ 6 पर

18 से 20 साल के 7.98 लाख वोटर्स

प्रदेश की इन 12 सीटों पर 7,98,520 वोटर्स 18 से 20 साल आयु वर्ग के हैं। इनमें 5 ट्रांसजेंडर हैं, जबकि करीब 4.77 लाख युवक और 3.21 लाख वोटर्स युवतियां हैं। वहीं पहले चरण की 12 सीटों में से दौसा ऐसी सीट है, जहां सबसे कम वोटर्स हैं। यहां 18.99 लाख वोटर्स हैं। इनमें से 10.03 लाख पुरुष, जबकि 8.96 लाख महिलाएं हैं। सबसे ज्यादा वोटर्स जयपुर शहर लोकसभा सीट पर 22.87 लाख से अधिक हैं, जिसमें 11.90 लाख पुरुष, जबकि 10.96 लाख से ज्यादा महिलाएं हैं।

प्रथम चरण के नामांकन-पत्रों की जांच में 166 सही पाए, 13 खारिज हुए

लोकसभा आम चुनाव-2024

गंगानगर	9	जयपुर	14
बीकानेर	9	अलवर	10
चूरू	14	भरतपुर	6
झुंझुनूं	8	करौली- धौलपुर	4
सीकर	16	दौसा	7
जयपुर ग्रामीण	17	नागौर	10

मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर

लोकसभा आम चुनाव-2024 के अंतर्गत प्रथम चरण के 12 लोकसभा संसदीय क्षेत्रों से प्राप्त नामांकन-पत्रों की 28 मार्च को संवीक्षा की गई।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि संवीक्षा के दौरान 124 प्रत्याशियों के 166 नामांकन विधिमान्य पाए गए। 7 प्रत्याशियों के 13 नामांकन जांच के दौरान खारिज कर दिए। उन्होंने बताया कि प्रदेश में प्रथम चरण के मतदान के लिए 30 मार्च नाम वापस लेने की अंतिम तारीख है। 19 अप्रैल को मतदान होगा और 4 जून को मतगणना होगी।

जयपुर में दोनों सीटों पर 131 उम्मीदवार मैदान में डटे : *जयपुर शहर, जयपुर ग्रामीण समेत 12 लोकसभा सीटों पर नामांकन प्रक्रिया पूरी हो गई। इन सीटों पर 131 उम्मीदवारों ने अपने नामांकन-पत्र भरे हैं। सबसे ज्यादा 17 उम्मीदवार जयपुर ग्रामीण सीट पर है, जबकि सबसे कम 4 उम्मीदवार करौली-धौलपुर सीट पर है।*

दो निर्दलीय उम्मीदवारों के पर्चे खारिज : *वहीं, पहले फेज के नामांकन-पत्रों की गुरुवार को स्क्रूटनी की गई। जयपुर शहर में दो नामांकन-पत्र खारिज किए गए। निर्दलीय उम्मीदवार रामगोपाल शर्मा और अभयदान जांगिड़ का पर्चा खारिज किया गया है। अब जयपुर शहर में 14 कैंडिडेट मैदान में हैं। जयपुर ग्रामीण में 17 प्रत्याशियों के नामांकन-पत्र स्क्रूटनी में सही मिले थे। स्क्रूटनी के बाद जयपुर ग्रामीण में 17 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं।*

प्रदेश में दूसरे चरण के लिए नामांकन शुरू

13 सीटों पर उम्मीदवार 4 अप्रैल तक पर्चे दाखिल कर सकेंगे

राजस्थान में पहले चरण की 12 सीटों पर नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के बाद गुरुवार से दूसरे चरण के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है। दूसरे चरण की अधिसूचना जारी होने के साथ ही आज 13 सीटों पर उम्मीदवार अपने नामांकन-पत्र भर सकेंगे। दूसरे चरण के लिए नामांकन 4 अप्रैल तक भरे जाएंगे। निर्वाचन आयुक्त प्रवीण गुप्ता ने बताया कि दूसरे चरण में राज्य की 13 सीटों पर चुनाव होंगे। इसमें जोधपुर, जालोर-सिरोही, राजसमंद, बाड़मेर, पाली, अजमेर, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, उदयपुर, बांसवाड़ा, टोंक-सवाई माधोपुर, कोटा और झालावाड़-बारां सीट है। इन सीटों पर 26 अप्रैल को वोटिंग होगी, जबकि चुनाव परिणाम 4 जून को आएगा। दूसरे चरण पर उम्मीदवारों को नामांकन पत्र भरने के लिए 6 दिन का समय ही मिलेगा। 31 » शेष पृष्ठ 6 पर

वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने कहा | न्यायपालिका खतरे में है, राजनीतिक-व्यवसायिक दबाव से बचाना होगा

सीजेआई चंद्रचूड़ को 600 से ज्यादा वकीलों ने लिखा पत्र, मोदी बोले-डराना-धमकाना कांग्रेस की संस्कृति

नई दिल्ली (एजेंसी)

सुप्रीम कोर्ट के सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ को 600 से ज्यादा वरिष्ठ वकीलों के लिखे पत्र पर पीएम नरेंद्र मोदी ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने गुरुवार को कहा कि दूसरों को डराना धमकाना कांग्रेस की पुरानी संस्कृति है। करीब 50 साल पहले उन्होंने बेहतर न्यायपालिका की बात कही थी। पीएम मोदी ने कहा कि वे बेशर्मी से अपने स्वार्थों के लिए दूसरों से प्रतिबद्धता चाहते हैं, लेकिन राष्ट्र के प्रति किसी भी प्रतिबद्धता से बचते हैं। कोई आश्चर्य नहीं कि 140 करोड़ भारतीय उन्हें अस्वीकार कर रहे हैं। दरअसल, देश के पूर्व सॉलिसिटर जनरल हरीश साल्वे समेत 600

से ज्यादा वरिष्ठ वकीलों ने सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ को चिट्ठी लिखी है।

इसमें कहा गया है कि न्यायपालिका खतरे में है और इसे राजनीतिक और व्यवसायिक दबाव से बचाना होगा। वकीलों ने चिट्ठी में लिखा कि न्यायिक अखंडता को कमजोर करने की कोशिश की जा रही है। हम वो लोग हैं, जो कानून को कायम रखने के लिए काम करते हैं। हमारा यह मानना है कि हमें अदालतों के लिए खड़ा होना होगा। अब साथ आने और आवाज उठाने का वक्त है। उनके खिलाफ बोलने का वक्त है जो छिपकर वार कर रहे हैं। हमें निश्चित करना होगा कि अदालतें लोकतंत्र का स्तंभ बनी रहें। इन सोचे-समझे हमलों का उन पर कोई असर ना पड़े।

26 मार्च को लिखी गई चिट्ठी : सीजेआई चंद्रचूड़ को चिट्ठी लिखने वाले 600 से ज्यादा वकीलों में हरीश साल्वे के अलावा बार काउंसिल » शेष पृष्ठ 6 पर

आरसीए कार्यकारिणी पर गिर सकती है गाज

एडहॉक कमेटी बनाने की तैयारी में सरकार, चुनाव प्रक्रिया पर उठे सवाल

मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर। राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन के पदाधिकारियों की परेशानी कम नहीं हो रही है। सहकारिता विभाग ने राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन के खिलाफ जांच पूरी कर रिपोर्ट तैयार कर ली है। इसमें राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन में अनियमितताएं पाई गई हैं। ऐसे में अब

आरसीए पदाधिकारियों को गुरुवार शाम 5 बजे तक अपना पक्ष रखने का मौका दिया। अब राजस्थान सरकार आरसीए की मौजूदा कार्यकारिणी को भंग कर एडहॉक कमेटी का गठन कर सकती है। दरअसल, खेल परिषद » शेष पृष्ठ 6 पर